हैं। विभिन्न राज्यों ने इसके लिए कई योजनाएं बनाई हैं लेकिन उन योजनाओं को क्लियरेंस नहीं मिल पाता है। उसके क्लियरेंस में बुनियादी बात यह है कि सारी की सारी जिम्मेदारी वह केंद्र पर थोपना चाहते हैं। जो उनका हिस्सा है वह उसे नहीं देना चाहते हैं। मैं जानता हूं कि बहुत रुपया केंद्र की तरफ से रिलीफ के लिए जाता है। अभी जो उत्तर प्रदेश के अंचलों में भूचाल आया था उसमें केंद्रीय सरकार ने रुपया दिया लेकिन उसका श्रेय और पार्टियों को मिला, बी. जे. पी. को मिला और उनकी तरफ से पार्टी मजबूत की गई। जो सचमुच में सफरर्स थे, उन तक वह रुपया नहीं पहुंच पा रहा था। मैं उत्तर प्रदेश के भूचाल की बात कर रहा हूं। मैंने खुद वहां पर देखा है कि अगर यह पता लग गया कि यह आदमी किसी विशेष पार्टी का है तो उसको रिलीफ नहीं दिया जाता था। तो जो राज्यों की परिकल्पना में यह बात आ गई है, यह नहीं होनी चाहिए।

हमारे उत्तर प्रदेश में अभी ऐसे बहुत से काम पड़े हुए हैं जिनको वहां नहीं किया जा रहा है। जो प्रगति के काम हैं। जवाहर रोजगार योजना का काम चल रहा है। हमारी दूसरी स्कीमें हैं जिनसे गरीब लोगों को फायदा होता लेकिन वे ठप्प पड़ी हुई हैं। सारा काम रुक गया है। इसी तरह से देश के अंदर पीने के पानी की समस्या है। उसके लिए जो केंद्रीय सरकार की स्कीमें हैं उनको तेजी से लागू करना चाहिए। बहुत से राज्यों ने कहा है कि हमारे यहां बाढ़ है या सूखा पड़ा हुआ है। वहां पर उन्होंने रैवेन्यू और दूसरे जो किसान पर खर्च है उनको सस्पेंड कर दिया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब उनकी फसल बरबाद हो गई, नष्ट हो गई तो यह जो फसल से आमदनी होनी थी, उसी से वह अपनी खाद, पानी, बीज आदि का खर्च निकालने वाला था और जब सूखे के कारण सारी फसल बरबाद हो गई तो उस पीरियड का पैसा सस्पेंड कर देना चाहिए। मैं चाहता हूं कि सूखे के पीरियड का कैलकुलेट करके राज्य सरकारों को इसे माफ कर देना चाहिए और लोगों पर जो ये दबाव डालते हैं यह मुनासिब नहीं है।

इसी तरह से जो हमारा डिस्ट्रीब्यूशन आफ फूड है, जो हमारी राहत के कार्यक्रम हैं, जो हमारा परमानेंट डिस्ट्रीब्यूशन है, गांवों में सस्ते गल्ले की दुकानें हैं उनके द्वारा भी राहत का काम चलना चाहिए जिससे कि गांव के अंदर कोई भूखा न मरे, किसी को भोजन न मिले बल्कि उसको इतनी राहत मिले कि मालूम ही न हो कि हमारे यहां सूखा पड़ रहा है।

मैं दूरदराज की बात कहना चाहता हूं। हमारे यहां जो पेड़ों का कटाव हो रहा है उसे रोका जाए और पेड़ बड़े पैमाने पर लगाए जाएं। हमारी जो बाकी स्कीम्स हैं, जो फॉडर की, चारे की स्कीम्स हैं उन्हें ठीक से चलाया जाए। अगर हम बढ़ती आबादी को नहीं रोक पाते हैं तो जो यह रेगिस्तान बढ़ रहा है, यह आगरा से दिल्ली, मेरठ डिवीजन भी इसकी चपेट में आने वाला है। मथुरा भी आ जाएगा दिल्ली भी आ जाएगा। राजस्थान में इतनी तेजी से रेगिस्तान बढ़ रहा है। इसके लिए पेड़ लगाने का इंतजाम करना चाहिए वरना यहां पर सूखा परमानेंट हो जाएगा और दिल्ली भी रेगिस्तान हो जाएगा। इसके लिए बड़ी वॉर फुटिंग पर काम करना चाहिये। इन अलफाज के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO (Andhra Pradesh) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity. The drought seems to be unprecedented. It is so wide spread from north to south and from west to east. It spells famine and pestilence to the society. Such a thing has happened now and we are facing a serious calamity. This drought condition naturally is more devastating than other calamities because it spoils the health of the people and mars the prospects of future development. The water-scarcity conditions created such a consequence wherein the water table

[Shri Moturu Hanumantha Rao]

would go down very much. It would be very difficult to draw water for cultivation or for drinking and all other purposes. Such a serious situation we are facing, but the report of the hon. Minister is not giving a full picture of the whole thing. It is incomplete and inadequate and also not giving so many details in regard to so many States. For instance, Tripura is completely left out from this report. I don't know why. Starvation deaths are taking place in many States, in Orissa, Madhya Pradesh and Tripura in particular. They have been there. I don't know why Tripura is not at all mentioned here, but it only shows how incomplete the picture is, as given by the hon. Minister. And again, this drought condition has been there, and it should have been expected. In fact, the forewarning is also there. Since October, 1991 we have been facing this scarcity, deficiency in rainfall. In 1991, this scarcity conditions was reported by 24 meteorological subdivisions. Again in January-February of this year also, 21 meteorological subdivisions have reported the same thing. So, naturally such a forewarning is there and the State Governments as well as the Central Government should have been prepared fully to meet the challenge. But they have not done so. That is exactly why the sufferings of the people have become very severe. As reported in the press migration of people has been taking place and there is scarcity of everything, scarcity of cattle fodder, etc. Even the price of the common foodgrains like jowar is going up like anything. Our friends were reporting that even around Bombay it was sold at Rs. 5 per kilogram, which ordinarily should have been sold at Rs. 2 per kilogram. It has already gone up to Rs. 5. When such is the situation I don't know why they were not prepared. When the forewarning had been there immediate relief should have been organised, but yet it was not organised is quite obvious. Even Central teams could visit only two States up-till now; they are expected to visit one more State. What about other States ? There are so many States which have not report about the drought conditions. There are so many States where the water scarcity has been felt. For instance, West Bengal, Tamil Nadu and other areas are facing water scarcity. Drinking water is also not available. Such is the fate of the people in those areas. The failure on the part of the Central Government must be taken seriously in this respect. They could have prevailed upon the State Governments; they could have also sent the Central team. It always happened that the Central team would go there very late; they would give their reports very late and relief measures suggested by them would be taken very late. This has been there all along and this has been happening for long. Even now it is like that. Only one State Government has mentioned that it could not make full use of the Calamity Relief Fund. Perhaps, there are other State Governments also which did not do so. From the gravity of the situation it is clear that many State Governments would not be able to give full relief to their people even after fully making use of the Calamity Relief Fund. So, naturally the Central Government will have to see to it that greater fund is allocated or sanctioned for the help of the States where crores of people are suffering. That is to be taken seriously. Now, immediate relief measures are to be taken. Food-for-work-programme is to be attended to immediately. So many relief camps are to be opened. Fodder and food have to be supplied to the affected areas. All these things can be done only when the whole programme is taken up on a war-footing. "War-footing" naturally means that it should be taken up seriously. Even Army services may be required in some areas to see that people do run the relief camps properly and proper supplies are given to them immediately. All these things are to be attended to. The failure of our rulers for so long has been the cause of such calamities. According to us, natural calamities would always be there. But in order to meet the calamities certain steps are to be taken. For instance, water resource management and if it was properly attended to we could have successfully faced so many droughts. We have been repeatedly facing these drought conditions. Floods and drought have been time and again harassing our people, killing our people and affecting

4.00 P.M.

the developmental activities. The water resources problem is the key to all these things. These problems should be attended to. Where do we find ourselves after seven Five Year Plans? We find ourselves in an unprecedented drought prevailing all over the country. Why is it so? Why have we got to this position after seven five Year Plans? This should be considered very seriously. Now the question is, more water is flowing into the ocean than it is used by the people here. Why is it so? In Plan after Plan only spill-over projects are found. All irrigation projects are kept pending for long. Perhaps some of them are pending because of the present financial position. They may be postponed eternally also that is my apprehension. Unless some radical step is taken, radical change is brought about in the situation, perhaps they would not be able to construct all these projects, projects which give life to our people, irrigate our land. Sir, drought affected areas are there in almost every State. In the State of Andhra Pradesh itself famine affected areas are there like Rayalaseema and Telangana. Many medium projects as well as major projects are pending. My friend, Mr. Jadhav, has just now said that the Godavari water is to be taken to the Krishna and the Krishna water to some other place. It is also pending for long. This should be attended to immediately. The Polavaram project was to be constructed on the Godavari. It could have taken water to the Krishna and from the Krishna to Tamil Nadu. The drinking problem in Hyderabad and Secunderabad could have been solved by this. The vast areas of Rayalaseema and Telangana also would have been benefited by that. But this project is not taken up so. Its foundation was laid in 1981. Still the Central Water Commission has not given its clearance. Clearance for many other projects also has been held up for years, perhaps even for decades. If that is the concern expressed by the Central Water in regard to such a situation, how we can be relieved from the drought conditions? I hope that these problems will be attended to very soon. Long-term relief measures should be taken up and immediate relief measures should also be taken up. Even voluntary organisations may be asked to help in this matter. I hope that such a message would go from this House so that crores of people who are suffering will find some hope.

SHRI CHIMANBHAI MEHTA : Sir, approximately 12 crores of people throughout the country are affected because of scarcity and semi-scarcity conditions. This is a rough estimate that I am giving because in the statement this particular aspect has not been mentioned. In Gujarat, it has been mentioned that nearly 2,20,00,000 people are severely affected by scarcity conditions. Out of 180 blocks, 150 blocks are affected by scarcity conditions. Out of 18,000 villages, more than 11,000 villages are affected by scarcity. And till date, they have been able to provide relief works only to 4,50,000 workers through Jawahar Rozar Yojana and other relief works. So while the affected people are about 2,20,00,000, relief works have been provided only to 4,50,000 people. Nearly 66 lakhs cattle are lost. There are only 234 depots open. There is an acute scarcity of drinking water in almost 6,000 villages while the State Government is able to provide drinking water through tankers, bullock carts, etc., only to 800 villages. That the assistance provided is only to 800 villages when it is required in 6,000 villages, throws light on the a capocity of the State Government.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) in the Chair.]

It is thus clear from the statement made by the Minister that whatever portion has been given to the State Government under the Central Relief Scheme, worked out under the norms of the Ninth Finance Commission, has been totally used by the Gujarat Government. Even then there is this much shortage of drinking water there. The relief centres set up there do not work on all the working days. Some of them are just name-sake. Just because there has been a demand, they have been set up. They are being given Rs. 15 per day and on a non-working day, they are given Rs. 2 per day. What a paltry amount! About Kharif crop, I do not want to go into the figures in detail. The target was 33 lakh tonnes,

[Shrimati Sushma Swaraj]

They got around 20 lakh tonnes. The target for the oilseeds, which is the major crop, was 23 lakh tonnes. The crop was available to the tune of 10 lakh tonnes. So there is a big shortfall in Bajra and other produces. Now, about drinking water, I will give you one example. The "No source of water"—villages are increasing every day. In one district, in Surendranagar district, there was only one "No source of water" village. There was no water available at all and it is called the Tanuroz Village. That was in 1963-64. In 1972-73, after eight years, there were 27 villages in that district and, in 1985-86, the figure went up to 388 villages. It is because the water level is going down and the salination ingress has also increased. The rain management problem and the water management problem are not being looked into in a scientific manner and whatever is done is done in a very superficial manner.

Our State Government, the Government of Gujarat, has spent Rs. 1,500 crores during the last two decades in providing water to the "No source of water"—villages. Even then this is the position. Recently, they started digging borewells and in 34 per cent of the villages they were found empty. So, even if you take emergency measures, water is not available at the underground level. This is the position now there.

Fodder is another acute problem. Foodgrains for human beings are transportable. Grass is also transportable. But it is a bulk commodity. Of course, care is taken locally by the task fore and subsidy is given but it is very nominal. It is Rs. 6 per animal per day. But you know that fodder is very costly. Just now, my friend, Shri Hanumantha Rao, referred to it and said it costs Rs. 5 per kg., that is grass. But you know that an animal would require much more than one kilo and this subsidy is not enough at all. I do not want to criticise anybody. Of course, the entire House is sharing the same sentiments and there is no question of parties here on this issue. But the question is how to work out the action plan.

As it has been admitted here, only two States the Central Team has gor Gujarat and Madhya Pradesh. Perhaps is a two-way traffic ; I do not know exact The State Governments also should ready with facts and figures. Only wh the Central Team goes there, they veri and co-ordinate and, ultimately, the figu are worked out. The Gujarat Governme has asked for Central assistance on t basis of its Master Plan to the tune Rs. 650 crores. I think the total assistan asked for by Madhya Pradesh, Mah rashtra, Gujarat, Karnataka, etc. com to Rs. 1,700 crores. It is not a big d mand either. If they are asking for a Ce ral assistance of Rs. 1,700 crores, it is r a huge order. I know that when the Gu rat State suffered three famines succe vely in 1985, 1986 and 1987, dur those days, the Central Government ga an assistance only to the extent of Rs. crores as a grant ! A sum of Rs. 600 cro was advanced against the Five Year P allocations. Anyhow, some way out v found. So, you have to find out a w somehow immediately, whether under t head or that head. But the money m go from here and you must do t immediately because the time is too sh Your team will go there, it will verify, report will be given, your committee v sit and the Minister will okay it. these will take time and there will be sense of urgency. A sense of urge should be there. Therefore, I would requ the Minister to take up this work on emergency basis and work out an em gency plan and see that within a mo all the States are given a certain m mum—it would be better if they are gi the maximum possible—so that the ne sary works can follow immediately.

At the present moment, in my State Gujarat, work is being given to 4,50, labourers. But the State Government said that during the peak period of acute drought or famine, they will hav provide employment to 36 lakhs labourers. It is ten times more. Where the money ? Where is the finance ? T have to plan out the work. They h to provide all these things. But un

they see some money coming, they will not be able to plan out properly. Some perception has to come to them. And you have to draw the time-bound relief.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): Mr. Mehta, you conclude now.

SHRI CHIMANBHAI MEHTA : There is an apprehension about the next monsoon. Well, we all can pray from this House that the Gods Indra and Varun should be kind to us and to the mankind. But anyway, might be, they are not pleased with us. I do not know the reasons. You may find out. But about the long-term plan, things have been said about water management and land management. These are okay. Of course, I know the relevance to us and I want to talk about the immediate plans.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : अब आप समाप्त करिये ।

श्री चिमनभाई मेहता : हमारे पहले तो बहुत लम्बा बोले है । गुजरात में से सिर्फ मैं अकेला ही बोल रहा हूं । महाराष्ट्र की लिस्ट मेरे पास है। चार बोले हैं, और भी बोलने चाहिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : गुजरात में तो अभी और लोग भी बोलने वाले हैं । अभी तो लिस्ट है ।

श्री चिमनभाई मेहता : एक ही नाम दिया है अभी तक ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : गुजरात से और नाम दिये गये हैं। अनन्त शंकर दवे बोलने वाले हैं । वे गुजरात से ही हैं ।

श्री चिमनभाई मेहता : इधर नाम दिये होंगे । मैं खुश हूं । बोलें । आवश्यक है ।

इसलिए मेरा कहना है कि अभी सरदार सरोवर की बातें जब आती हैं तो कई लोग इन्वायरनमेंट के नाम पर उलझ जाते हैं और कहते हैं कि ब्रेक डैम्स नहीं होने चाहिए । आप गुजरात की कंडीशन देख लीजिए, और उसमें अब हम डिबेंचर निकालना चाहते हैं । सेंट्रल गवर्नमेंट की मदद के बगैर हो नहीं सकता है । दे हैव टू सैक्शन । वे सैक्शन जल्दी कर दें तो हम अपना पैसा बाहर से निकाल लेंगे, एन. आर. आई. का डिबेंचर्स लाएंगे । वह कुछ न कुछ जल्दी कर दीजिए यह हमारा एक बहुत इम्पारटेंट पेंडिंग सवाल है ।

प्लानिंग कमीशन ने बार बार सवाल किया । तो प्रश्न था । अब लिखा है इस सेशन में या लास्ट सेशन में कि अभी सवाल नहीं है । खम्भात का जो ब्रिज है, उसमें से नर्मदा का पानी हम ब्रिज पर से पाइप लाइन के जरिये ले जा सकते हैं । खम्भात में पूरा नर्मदा का पानी दरिया में बहता है । तो पहले इस योजना के बारे में उन्होंने अपने हाथ में लिया था और अब कहते हैं 'we do not have that scheme.' आपको देखना चाहिए कि ऐसी स्कीम बने ।

That will help thousands of villages and hundreds of cities. A big pipeline can be reached from the Narmada whose water is wasted. Some Members have drawn the attention to the ugly side of the relief work. I do not want to talk much about it. That is there. You should work out some measures because, after such a vast experience, if the money given to the States and from the States to the villages is taken away in between, it is really a crime against the humanity and some foolproof system has to be worked out. Thank you, Madam.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRMATI SUSHMA SWARAJ): Dr. Abrar Ahmed—not here. Shri S. S. Ahluwalia.

SHRI DINESHBHAI TRIVEDI (Gujarat): Madam, I just want to associate myself with the hon. Member, Shri Chimanbhai Mehta. Gujarat is really going through a very bad patch. I know Anantbhai is also going to talk. I leave it to him. But, specifically, the district of Kutch is in a bad share. There has already been a death due to starvation.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): Your association has been recorded. Kindly co-operate.

SHRI DINESHBHAI TRIVEDI: Cattle is also migrating. People are starving. Madam, the Narmada water is not going anywhere near the Kutch area or Saurashtra. I would like to request the Government that while they are talking about the Narmada, something basically must be done now and here so that the Narmada water is taken to Kuch and Saurashtra because his problem is perpetual it is coming up year after year.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदया, मंत्री जी ने अपने बयान में स्वीकार किया है कि वाकई 1991 के मानसून के कारण जो सूखे का प्रभाव इस वर्ष में पड़ रहा है इसमें 410 जिलों में से करीब 263 जिलों में कहीं बहुत अधिक वर्षा और कहीं सामान्य वर्षा हुई थी। पर 127 जिले ऐसे थे, जहां वर्षा कम हुई, नाममात्र की हुई और जिसके कारण यह सूखे का प्रभाव बढ़ा।

महोदया, उन 127 जिलों में से 35 जिले हमारे राज्य बिहार के हैं, जिस राज्य से मैं आता हूं। पर अफसोस की बात है कि मंत्री महोदय ने जिस रिपोर्ट का विवरण बताया, उस रिपोर्ट में राज्य सरकार ने बिहार के सूखे की कोई बात नहीं बताई है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, वैसे तो सूखे का मसला एक गंभीर मसला है। पिछली बार भी बारिश कम हुई थी और इस बार भी मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट की जो रिपोर्ट आई है, उसके हिसाब से इस बार भी बारिश कम होनी है। एक तरफ तो इस खबर को सुनकर कर किसान परेशान हो रहा है, तकलीफ में है और दूसरी तरफ कालेबाजारी लोग, जमाखोर लोग अनाज को अपने गोदामों में भर रहे हैं कि इस वर्ष के कम मानसून के प्रभाव से और सूखा बढ़ेगा तो उससे अपना नाजायज फायदा उठायेंगे।

ऐसी अवस्था में सरकार की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है, केंद्र सरकार की और राज्य सरकार की, एक तरफ तो सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में उत्पन्न परिस्थितियों का सामना करने के लिए उन्हें क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप बना कर किस तरह से वैसी स्थितियों का सामना करना है और दूसरी तरफ इस चीज का नाजायज फायदा उठाने वाले व जमाखोर और कालेबाजारी लोग किस तरह से इसका नाजायज फायदा उठा रहे हैं, उसका भी सामना करना है।

उपसभाध्यक्ष जी, जैसा कि मुझे ज्ञात है, बिहार सरकार को कैलेमिटी रिलीफ फंड से पिछले वर्ष 35 करोड़ रुपया सैंक्शन किया गया था। मैं आपके माध्यम से, मंत्री जी, से जानना चाहता हूं कि इस 35 करोड़ रुपये को, पूरे का पूरा, आपने बिहार सरकार को दे दिया है? अगर दिया है, तो क्या आपने बिहार सरकार से कोई अपनी रिपोर्ट मंगवाई है कि इसका उपयोग पूरी तरह हुआ है या नहीं हुआ है और इसके माध्यम से वहां किन किन जिलों में और क्या, क्या कार्यक्रम लिये गये, क्योंकि महोदया चाहे बाढ़ हो, चाहे सूखा हो, जब जमीन पर चलने वाला इनसान इससे प्रभावित होता है, तो जमीन पर चलने वाला हर जानवर और खास करके वह जानवर जो पालतू जानवर है, वह भी प्रभावित होता है और खास करके किसान के लिए गाय, भैंस, बैल, बकरी, भेड़ और इस तरह के जो जानवर हैं, वह सारे प्रभावित होते हैं। हम तो लोगों की सुरक्षा के लिए वहां पर जवाहर रोजगार योजना के तहत उनको फूड फार वर्क का प्रोग्राम लेकर वहां कुछ न कुछ बंदोबस्त करते हैं, किंतु इन जानवरों की सुरक्षा के लिए या इन जानवरों को जिंदा रखने के लिए चारागाह का बंदोबस्त करने के लिए, या इनको कहीं ले जाकर इनके लिए फाडर सप्लाई करने के लिए हम क्या व्यवस्था लेते हैं।

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार): यह तो बेजुबान है।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : जो बेजुबान हैं, उनकी हड्डियां सामने दीखती है और फिर उन के शरीर दीखते हैं और दीखते हैं फिर कि बोनमील वाले लोग उस डेड बाडी को उठा कर ले जा रहे हैं । उनके लिए हम क्या करते हैं ?

केंद्र सरकार या राज्य सरकार के माध्यम से क्या ऐसी कोई क्राईसिस मैनेजमेंट की स्कीम बनाई गई है ? कोई आपकी गाईडलाइन में इनके लिए भी कोई बिंदु रखा है कि इनकी भी मदद करके इनको जिंदा रखा जा सकेगा ?

इन इलाकों में जो कि ड्राऊट-प्रोन एरिया है, यह करीब-करीब प्लानिंग कमीशन या स्टेट प्लानिंग कमीशन इनको आइडेंटिफाई करता है और यह जिले आइडेंटिफाइड हैं कि कहां सिचाई की व्यवस्था नहीं है, बारिश पर ही वहां की ऐग्रीकल्चर बेस करती है और जब भी बारिश नहीं हो, तो ऐसी अवस्था हो सकती है । उसमें सुधार लाने के लिए हमने आइडेंटिफाई तो कर लिया और उसके लिए प्रोजैक्ट भी लेते हैं । अभी प्रधान मंत्री ने जो नए पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम की अनाऊंसमेंट की है, उसमें 1700 ब्लाकों का नाम जो इन्क्लूड किया है उसमें ड्राऊट-प्रोन एरिया भी आइडेंटिफाइड है । ड्राऊट-प्रोन एरिया जितने ब्लाक हैं वे भी आइडेंटिफाइड किए गए हैं, उनमें भी मदद करने की जरूरत है । पर मेरा कहना है कि आप नार्मल कंडीशन में तो ड्राऊट-प्रोन एरिया को देखें ही, पर एब्नार्मल कंडीशन में जबकि वहां स्वीयर ड्राउट हो, फैमिन हो जाए, तब वहां पर क्या एक्स्ट्रा देने जा रहे हैं ? आपने एक तरफ तो कैलामिटी रिलीफ फंड का नाम दिया है, पर वह कैलामिटी रिलीफ फंड तो पूरा यूनिफार्म बनाया हुआ है सारे भारत के लिए, हरेक राज्य के लिए, उसमें बाढ़ भी आता है, अर्थक्वेक भी आता है, उसमें ड्राऊट भी आता है, उसमें ऐक्सीडेंट भी आते हैं, उसमें आगजनी में कोई मर गया कोई बिल्डिंग गिर गई, वह सारा हिसाब उसमें आप जोड़ लेते हैं । पर जो किसान जिसके जीते जागते कारखाने या जीता-जागता सब कुछ, उसके खेतों में लहराती हुई फसल होती है, उस किसान के लिए आपने क्या-क्या स्कीमें ली हैं । ऐग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के साथ-साथ, वहां बहुत अच्छा होता है कि अगर फाईनांस मिनिस्टर भी होते, वैसे हैं और यह भी बताते हैं कि क्राप इंश्योरेंस के बारे में आपने क्या-क्या प्रोग्राम्ज लिए हैं और जिस वक्त मैट्रोलोजिकल डिपार्टमेंट आपको यह खबर दे देता है कि इस बार मानसून अच्छा नहीं आना है तो आप उस इलाके में किसानों की क्रॉप की व उनके खेतों की इंश्योरेंस के बारे में या उसको कुछ पैसा दिलाने के बारे में क्या सोचते हैं ? आखिर इसको कंट्रोल करने के लिए एक न एक दिन कुछ तो उपाय आपको ढूंढना पड़ेगा ।

उपसभाध्यक्ष महोदया, मुझे याद आता है कि एक स्कीम पहले सबमिट हुई थी । गारलैंड कैनाल का सिस्टम था कि गारलैंड कैनाल, जहां पर नदी है या नहीं, दरिया भी नहीं है तो वहां दो दरियाओं को घुमा कर मिला कर सोचा गया था कि जहां पर पानी का अभाव है वहां पर भी उस गारलैंड कैनाल के थ्रू हम सिचाई की व्यवस्था करेंगे, केन्द्र सरकार उस पर कोई विचार कर रही है या नहीं कर रही है ? या गारलैंड कैनाल जैसा भी कोई प्रोजैक्ट आ रहा है या नहीं आ रहा है ? कभी ऐसे ड्राउट प्रोन एरिया पर हम जो दिन-प्रतिदिन पैसा खर्च करते हैं अगर वहां पर जो इन्फास्ट्रक्चर है हम अगर बना दें तो वाकई वहां पानी उपलब्ध कराएं तो वहा पर हम मानसून पर ही खाली निर्भर नहीं करके इस पर भी चल सकते हैं । उसके साथ-साथ, जो सब से बड़ी प्राब्लम है कि सिचाई की व्यवस्था के साथ-साथ अगर जो पंप के माध्यम से भी पानी मिलता था तो वहां क्राइसेस है बिजली नहीं मिलती है, गर्मियों में वहां ट्रांसफार्मर जल जाते हैं या ट्रांसफार्मर के तेल की चोरी है, इन पर ध्यान रखने के लिए क्या मोनिटरिंग करने के लिए भी कोई सिस्टम

[श्री सुरेन्द्र सिंह अहलुवालिया]

बनाया है ? महोदया, मैं चाहूंगा कि हमारे बिहार के खास करके जो औरंगाबाद, रोहतास, पलामू, संथाल परगना और छोटा नागपुर का इलाका है, यह इलाका वैसे ही काफी गरीब है और जब यहां पर सूखा पड़ जाए तो यह एक वज्रपात की तरह है और मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार अपनी कोई टीम वहां पर भेजे और कैलामिटी रिलीफ फंड जो दिया है उसके अतिरिक्त इस इलाके को कुछ पैसा देने की जरूरत है और उसके साथ-साथ वहां के जानवरों की रक्षा के लिए उन्हें वहां से ट्रांसफर करके कहां, किस चरागाह में ले जाकर जिंदा रखा जा सकता है जब तक सूखा रहे, उसकी व्यवस्था करने की कृपा करेंगे ।

धन्यवाद ।

DR. NARREDDY THULASI REDDY (Andhra Pradesh): Madam, at the outset I would like to register my protest against the Government for not mentioning the drought situation in Andhra Pradesh, West Bengal, Tripura and Orissa, but at the same time, would like to compliment the Minister for treating my State, that is, Andhra Pradesh, on a par with his own State, that is Orissa, in not mentioning regarding drought situation.

Madam, as far as Andhra Pradesh is concerned, almost all the four Rayalaseema districts and most of the Telangana districts are reeling under drought conditions Especially Anantpur district in Rayalaseema is reeling under severe drought conditions. During the last Andhra Pradesh Assembly session also this issue was raised and the entire opposition walked out on this issue alone. As far as Hyderabad is concerned, for the last one month agitations and *dharnas* are going on regarding the drinking water problem. So, that is the situation as far as Andhra is concerned.

If we come to Tripura, according to reports, there are nearly 500 starvation deaths there. There are people selling their children for 50 or 60 rupees in Tripura. That is the condition in Tripura.

If we come to Orissa, everybody except the Minister knows that there are starvation deaths in the Kalahandi district. So I am unable to understand why he has not mentioned about the drought situation in these States.

SHRI K. C. LENKA: Madam, he has made an allegation of starvation deaths in Orissa in the Kalahandi district. Kalahandi district has always been a drought-prone district, but there is no information from the State Government that there are starvation deaths in that area.

DR. NARREDDY THULASI REDDY: Madam, my point is, by merely mentioning it heavens will not fall. But, at least the State Government will be alerted. By making a statement in Parliament, at least the State Government will be altered to make sincere efforts. So, to such an extent we can do justice here. That is why I am mentioning it. So, my question is, will the Minister come back to the House with a comprehensive statement again? That is my first question.

My second point is, the Calamity Relief Fund under the Ninth Finance Commission has become a shield for the Central Government. Under this, the Central Government is throwing the entire burden on the States themselves and it is escaping from its responsibility. That Calamity Relief Fund is of the order of Rs. 804 crores per annum for the entire country. For this vast nation this amount is nothing. This amount is just enough to meet the drought conditions in Maharashtra only. The Maharashtra Government itself has asked for Rs. 879 crores. So, this amount is enough for Maharashtra alone. Then what about Gujarat? It has asked for Rs. 650 crores. Madhya Pradesh has asked for Rs. 220 crores and Karnataka for Rs. 50 crores. And from many States they are yet to get the reports. So, this amount is meagre. A natural calamity should be treated as a national calamity.

Again the Minister has admitted that the Central Government will come into action in rarest of the rare drought conditions. In my opinion, these are the rarest of

the rare drought conditions prevailing in the country. Therefore, will the Minister agree that these are the rarest of the rare drought conditions and come to the rescue of the State Governments? That is my second point.

My third point is regarding the Central teams. I think the Government is purposefully delaying there. It is nothing but delay tactics. So far the Central team has visited only two States, Gujarat and Madhya Pradesh. Already summer is at its peak and there is drinking water problem everywhere. Already so many starvation deaths are there. What is the reason for the delay of the Central team in visiting the other States? So my question is, will the Government send a Central team immediately? You fix a time-frame to send a Central team, to give the report and to take action. For each of these there should be a time-frame. So, will the Government do that?

My fourth point is regarding foodgrains. Shortage of foodgrains is the major problem in the drought affected areas. There are reports that in Madhya Pradesh, in the Wadrafnagar tehsil of Surguja district, people are forced to eat monkeys and cats. This is reported in the papers. There are some areas where the people are consuming poisonous forest produce. There are some areas where the people are eating the bark of khejdi trees. There are some areas where people are taking only one meal on alternate days. Madam, this is what is happening in addition to starvation deaths. So, the public distribution system should be streamlined, should be strengthened in these drought-affected areas. Already there is rampant corruption in the public distribution system. The foodgrains from the fair-price shops are diverted to the black market. That is naturally happening. In these circumstances, especally in the drought-prone areas this will happen still more. So, the Government should take proper steps and streamline the public distribution system to make a steady flow of foodgrains to the fair-price shops and to check corruption and diversion of foodgrains to the black market. So, what steps is the Government going to take in this regard?

Then, my fifth point, Madam, is that there are hundreds of projects pending with the Central Government, that is, the projects of Andhra Pradesh and all other States. These may be irrigation projects or other projects. As far as Andhra Pradesh is concerned, there are 20 or 30 irrigation projects, major, medium irrigation projects, pending with the Government for decades together. Everybody knows that Rayalaseema is one of the frequent drought-affected areas in the country. The projects for the Rayalaseema area, the Telugu Ganga Project, the Saleri Nagri, Hunda Niva and some other major irrigation projects are pending since 1983. So also the Polavaram Project is pending for two decades, more than two decades. If these projects had been cleared, some of the problems of the drought-affected areas would have been solved. So, will the Government give due assurance that within 15 days at least it would clear some of the pending project? With these projects we can provide employment also to the people there.

Then, my another point, Madam, is that in some areas in the famine-relief works people are not getting minimum wages. In some places they are giving Rs. 15, and in some other places they are giving Rs. 5. So, will the Government take proper steps to give the minimum wages to the workers in the drought-affected areas?

Then, the next point is regarding fodder. Madam, thousands and lakhs of cattle are dying everyday. People are sending their cattle to slaughter houses with tears. So, Madam, in each and every drought-affected district cattle camps should be conducted, and cattle fodder should be supplied freely. If fodder is not there in a district, from the adjacent districts or from the adjacent States fodder should be imported and supplied adequately and freely to the cattle to prevent their death.

The next point, Madam, is that there are some districts in the country, which

[Dr. Narreddy Thulasi Reddy]

are facing drought situation every alternate year. Drought is recurring in these districts. Every year, in every session almost, we are discussing about it. The Assemblies are discussing, and Parliament is dissussing about the drought condition or the flood situation, but again we forget them. So, my question is: will the Government select one district, one frequent drought-affected district in each State and implement a pilot project therein. Then, these projects can be extended to other districts. In these pilot projects, water conservation, minor irrigation, afforestation, all these items should be included. So, my point is: will the Government consider this point to select one district in each State and to have a pilot project therein?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): Please conclude.

DR. NARREDDY THULASI REDDY: I am concluding, Madam.

Madam, about the crop pattern in some States, almost all the States, they are encouraging cash crops like sugarcane, tobacco. The State Government and the Central Government are giving incentives for cash crops, but they are ignoring foodgrain crops. They are ignoring maize, jowar. So, there should be a review of these incentives for cash crops and disincentives for foodgrain crops. So, will the Government consider, will the Government review this issue?

Madam, the last point is regarding drinking water. There are some areas where people are purchasing drinking water. There are some areas where people are taking bath once in a way. In my own district there is one place named Rayachoti. That is a town with 50,000 population where people are purchasing water. That is the condition there. So, I would like to know whether the Government will immediately provide at least five crores of rupees for provision of drinking water alone in the severely drought-affected districts.

I would request the hon. Minister to clarify on the points raised by me.

डा० अबरार अहमद (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदया, जहां अकाल की चर्चा की बात आती है, तो वैसे तो इस समय अकाल देश के एक बड़े भाग में पड़ा हुआ है उसके अंदर राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, कुछ हिस्सा उत्तर प्रदेश का, बिहार, गोआ, वेस्ट बंगाल, बहुत सारे प्रदेश हैं, लेकिन अकाल का अगर दूसरा नाम राजस्थान कहा जाए और राजस्थान का पर्यायवाची अगर अकाल कहा जाए तो मैं कहूंगा कि इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इन सारे प्रदेशों में या देश के इतने बड़े भाग में तो अकाल कभी-कभी पड़ता है, लेकिन राजस्थान वह प्रदेश है जहां बिना अकाल के भी आधे राजस्थान में हमेशा अकाल रहता है। पूरा पश्चिमी राजस्थान थार के रेगिस्तान से बना हुआ है जहां लोगों को न पीने का पानी मुहैया होता है, न खाने के लिये अनाज मिलता है, न वहां की धरती में कुछ उग पाता है और जिस समय वर्षा बिल्कुल न हो या औसत से भी कम हो और अकाल की श्रेणी में उसको गिना जाए, उस वक्त तो देखने योग्य परिस्थिति होती है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, अकाल की चर्चा करते समय यदि हमने अकाल नहीं देखा या हम उस क्षेत्र से सीधे संबंधित न हों तो उस अकाल के बारे में सही बात नहीं कर सकते। या तो हमने वहां जाकर अकाल का दृश्य देखा हो या उस क्षेत्र से हम सीधे संबंधित हों, तभी हम अंदाजा लगा सकते हैं कि एक अकालग्रस्त क्षेत्र का व्यक्ति, अकालग्रस्त क्षेत्र में रहने वाला आदमी किन-किन समस्याओं से, किन-किन परेशानियों से जूझता है, उसको किस-किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जब मैं अभी राजस्थान गया और वहां कुछ क्षेत्रों में जाकर लोगों से मिला तो मुझे हैरत हुई कि जहां हम एयर कंडीशन्ड बंगलों में रहते हैं, इस सदन में ठंडी हवा में बात करते हैं, वहां उस तपती धूप, उस लू के बीच में किस तरह

से वे लोग इस गर्मी में बिना पानी के जी रहे हैं, जहां उनको भरपेट पानी नहीं मिलता है। नहाने की बात तो दूर है, हफ्तों-हफ्तों उनको नहाने के लिए पानी नसीब नहीं होता है। अगर उनके घर में जानवर हैं तो वह जानवर मरने के लिए आकाश की ओर देखकर सिसकियां ले रहे हैं। यह हालत है राजस्थान की, न सिर्फ राजस्थान की, राजस्थान की हालत तो मैं, देखकर आया हूं लेकिन जिन ऐसे क्षेत्रों के बारे में, प्रदेशों के बारे में माननीय सदस्यों ने कहा है, तो मैं पूरे तौर से मानकर चलता हूं कि उन स्थानों पर भी यही हालत है और आज देश की लगभग 7 करोड़ आबादी . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री राम अवधेश सिंह : अकाल को देखकर आए हैं या झेलकर आए हैं ?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : राम अवधेश जी, उन्हें बोलने दीजिए, बीच में व्यवधान मत डालिए। आपका भी नम्बर लेट आएगा।

डा० अबरार अमहद : राम अवधेश जी, आप इस चीज में फर्क नहीं कर सकते। अगर आपके दिल में आपके पड़ोसी के लिए दर्द हो, आपको जिन लोगों ने यहां भेजा है, उनके लिए दर्द हो तो उस तकलीफ से आप भी उनकी तकलीफ का आभास कर सकते हैं, अहसास कर सकते हैं आपके घर वालों का आपके प्रदेश वालों की और आपके देश की जो समस्या है, आप यहां बैठकर भी, यहां से बोलते हुए भी उसका अंदाजा कर सकते हैं, लेकिन अगर दिल में उस चीज का अहसास नहीं है, अपने भाई का अपने पड़ोसी का, अपने प्रदेश-वासी का दर्द नहीं है तो भले ही आप खुद जाकर वहां खड़े हो जाएं तो भी उस दर्द का अहसास आपको नहीं होगा।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं यह कहना चाहता हूं कि आज इस अकाल का सामना करने के लिए, इस आकाल से निबटने के लिए और जो लोग वास्तव में इस आकाल से जूझ रहे हैं, उन समस्याओं से जूझ रहे हैं, मात्र भाषण से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि केन्द्र सरकार और वहां की राज्य सरकारें भी, केन्द्र सरकार तत्काल उनको निर्देश दे कि उन लोगों के लिए तत्काल ऐसे उपाय करे जिससे उन लोगों को पीने का पानी मुहैया हो सके। बहुत से स्थान ऐसे हैं जहां पीने का पानी, जमीन आप कितनी ही गहरी खोद लीजिए, उसके अंदर पीने का पानी नहीं मिलता है। तो वहां रेलों के माध्यम से और जहां रेलें न हों वहां टैंकर के माध्यम से, जहां टैंकर न जायें वहां बैलगाड़ी या ऊंट गाड़ी के माध्यम से, जिस भी तरीके से सरकार पानी पहुंचा सके, उन लोगों को पानी पहुंचाना चाहिए। जो मवेशी, जो जानवर मरने के लिए हैं उन जानवरों के लिए वहां चारा तत्काल पहुंचाना चाहिए। आदमियों के लिये वहां फौरन अनाज पहुंचाना चाहिए। मुझे मालूम है कि जब 1988 के अन्दर अकाल पड़ा था और राजस्थान का वह अकाल जो शायद हमने तो अपने जीवन में कहानी भी नहीं सुनी थी इस प्रकार का अकाल पड़ा था। लेकिन हमारे भूतपूर्व स्वर्गीय प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी खुद वहां गये थे और उस टाईम साढ़े आठ करोड़ रुपया राजस्थान पर खर्च किया था और ऐसे भयंकर अकाल में भी कोई व्यक्ति नहीं मर पाया था तो जब ऐसे भयंकर अकाल का सामना कर सकते हैं तो आज मैं यह मानकर चलता हूं कि उतना भंयकर अकाल नहीं है। तो उस परिस्थिति से निबटने के लिए जितना भी पैसा आवश्यक हो, सरकार को वहां तत्काल सहायता के रूप में दिया जाना चहिए। राज्य सरकार जो पैसा मांगती है, उस पैसे को दिया जाना चहिए और सरकार को निर्देश दिया जाना चसिहए कि प्राथमिकता के आधार पर वह अकाल राहत कार्यों को खोले ताकि लोगों को मजदूरी मिले, लोगों को अनाज मिले, लोगों को पीने का पानी मिले, वहां के जानवरों को खाने के लिए चारा मिले, इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था की जानी

[डा० अबरार अहमद]

चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह एक मानवता को सीधी चुनौती होगी। अभी जो बात चल रही थी कि बेजुबान जानवर जो बोलकर अपना दुखड़ा नही कह सकते, अपने पेट की आग के बारे में नही कह सकते, अपनी प्यास के बारे में नहीं बोल सकते, उनके साथ अन्याय होगा और शायद कभी माफ नहीं किया जा सकेगा। महोदया इतना ही नहीं अकाल जब भी पड़ता है हम अकाल के लिए अल्पकालीन उपाय जो भी होते हैं, वह करते हैं। लेकिन सिर्फ इन चीजों से इसका समाधान नहीं हो सकता। अकाल हर साल में, दो साल में, तीन साल में, ज्यादा से ज्यादा हो तो पांच साल में पड़ता है और बार-बार उस समस्या का सामना करना पड़ता है। तो मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहूंगा कि जहां हम हजारों करोड़ों रुपया हर एक साल, दो साल या तीन साल में खर्च करते हैं, क्यों नहीं इसके बारे में दीर्घ-कालीन उपाय सोचे जायें? क्यों नहीं इसको रोकने के लिए ऐसी योजनाएं बनायी जाये? जो क्षेत्र ऐसे हैं जहां हमेशा अकाल रहता है, जैसा मैंने राजस्थान का जिक्र किया, पश्चिमी राजस्थान का जिक्र किया, उस क्षेत्र के अंदर हमेशा के लिए वहां अकाल की समाप्ति का प्रयास किया जाये। उसके लिए ऐसा नहीं है कि उपाय नहीं हैं। उसके सम्बन्ध में उस रेगिस्तान को समाप्त करने के लिए, उस अकालग्रस्त क्षेत्र को समाप्त करने के लिए वहां की बंजर भूमि को हरा-भरा बनाने के लिए नहरें लायी जा सकती हैं। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि राजस्थान के रेगिस्थान में एक इंदिरा गांधी नहर जिसका वर्षों से काम चल रहा है, मैं यहां इसका कोई विश्लेषण नहीं करना चाहता कि यह क्यों पूरी नहीं हो रही है, लेकिन मैं यह कहने में संकोच नहीं करना चाहता कि मात्र भ्रष्टाचार के कारणों से उसको कुछ लोग लम्बे चलाते रहना चाहते हैं, जैसा कि अभी मेरे पूर्व माननीय सदस्यों ने कहा है। उस कारण से जिन लोगों को उससे लाभ मिलना चाहिए, वह आज तक उससे वंचित हैं। स्थाई हल के लिए उस रेगिस्तान के अन्दर जो अकालग्रस्त क्षेत्र है, वहां पानी लाने की व्यवस्था की जाये, स्थाई रूप से नहरें लाने की व्यवस्था की जाये, स्थाई रूप से वृक्ष लगाने की व्यवस्था की जाये और जो बारिश का पानी बिल्कुल बेकार चला जाता है जिसको हम नहीं रोक पाते हैं, उस पानी को रोककर हम अकालग्रस्त क्षेत्र को हरा-भरा बना सकते हैं। छोटे-छोटे एनीकट बनायें जिससे कि वाटर लेबिल ऊंचा रहे, बहुत कम खुदाई पर पानी मिल सके। जो पानी बेकार जाता है उसके लिए बड़े डैम बांधना आवश्यक नहीं है, उसके लिए बड़े बंधों के माध्यम से उसको रोकना आवश्यक नहीं है। अगर हम छोटे-छोटे एनीकट और छोटे-छोटे बंधों के माध्यम से उस पानी को रोकदें तो उससे चाहे हम सीधा लाभ नहीं ले सकें, लेकिन बाहर लेबिल उससे ऊंचा हो सकता है और वाटर लेबिल ऊंचा होने पर हमें 50 प्रकार की सुविधाएं उससे मिल सकती हैं। तो मैं बहुत अधिक बात न कहते हुए आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि इस संबंध में अल्पकालीन और दीर्घकालीन दोनों प्रकार के वह प्रयास करें, जिससे अकाल-ग्रस्त क्षेत्रों को राहत मिल सके। धन्यवाद।

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) : बहुत-बहुत धन्यवाद। उपसभाध्यक्ष जी, यह सारी बहस इतनी गंभीरता से चली है और मुझे लगता है कि इस गंभीरता की तरफ जो शब्द डा० अहमद ने अभी इस्तेमाल किये हैं, यह अहसास की बात है। मुझे लगता है कि इस सरकार की हालत तो नीरो जैसी बन गई है। सारा रोम वहां जल रहा है और हमारी यहां की सरकार बिगुल बजा रही है कि हम पूरे प्रयास करते रहेंगे। प्रयासों की न कोई दिशा है, न कोई उद्देश्य है, न कोई लक्ष्य है और न उसके ऊपर कोई कार्रवाई की है। तो यह जो नीरो वाली अवस्था है, उसको आप मेहरबानी करके छोड़ दें। यह मेरी पहली आपसे प्रार्थना है। मैं नीरो वाली बात यह

इसलिये कह रहा हूं बिल्कुल गंभीरता से, इसमें मजाक की कोई बात नहीं है। क्योंकि जिस ढंग का अकाल आज हम महसूस कर रहे हैं महाराष्ट्र में, मध्य प्रदेश में, राजस्थान में, उसके बारे में सारे भाईयों ने, सम्माननीय सदस्यों ने यहां कहा है। मैं यह कहता हूं कि सारे देश में, क्योंकि सारे राज्यों का जो भी कुछ यहां ब्योरा होता है इससे यह महसूस होता है कि देश के बहुसंख्यक हिस्सों में, हरेक राज्य में, कुछ थोड़े से राज्यों को छोड़कर कहीं न कहीं इस आपदा से लोग ग्रस्त हो चुके हैं। अगर यह बात इतनी सही है तो सरकार की उपेक्षावृत्ति का एक उदाहरण मैं देना चाहता हूं। मैं यहां चौथी बार अकाल के बारे में बोल रहा हूं। मैंने पहली बार 5-12-91 को जब हमको लगा कि महाराष्ट्र में एक तो पहले ही पानी नहीं बरसा है और दूसरे बरसने की संभावना नहीं है तो हमने 5 दिसंबर को यह सवाल उठाया। आज तक का यह रिवाज रहा कि जब हम कोई स्पैशल मैंशन करते हैं तो कुछ दिनों के बाद डेढ़ महीने, दो महीने के बाद सरकार उसका जवाब देती है। लेकिन 5-12-91 के स्पैशल मैंशन का उत्तर आज तक मुझे नहीं मिला है। इससे ज्यादा और खतरनाक, गंभीर उपेक्षा नहीं हो सकती है, यह मैं मानता हूं। यह अतिशय भर्त्सना लायक है। ये शब्द शायद कटु हैं लेकिन हमारी अंतरात्मा इतनी जोर से चिल्ला रही है कि इसके अलावा दूसरा शब्द हम नहीं बोल सकते।

महोदया, मैं सारे ब्योरे में नहीं जाना चाहता क्योंकि महाराष्ट्र के हमारे चार-पांच सदस्य यहां बोल चुके हैं। यह सरकार उपेक्षा वृत्ति से कब ऊपर उठने वाली है, पहले हमें यह बताइए दूसरी बात हमने यह देखी है, सम्माननीय कांग्रेस के सदस्य मुझे मौका करेंगे, कि सरकार की नीयत बदल गई है, बुनियादी तौर पर बदल गई है। मैं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा हुआ आदमी हूं और हमें उस समय गांधी जी कहते थे कि गांवों की तरफ जाओ। अब सरकार की जो नीति, आर्थिक पुनर्रचना की जो बात चल रही है, आर्थिक परिवर्तन की बात चल रही है, मेरे ख्याल से गांधीवाद तो गया, अब सरकार की नीति है कि शहरों की तरफ आओ वह कहते थे गांवों की तरफ जाओ, ये कहते हैं शहरों की तरफ आओ। यह नीति परिवर्तन इनकी उपेक्षा का एक कारण है। क्यों नहीं देखते आप इस समाज की तरफ क्योंकि यही समाज है जिसके बलबूते पर देश चलता है। वह उगाएगा, वह प्रोड्यूस कर देगा, वह लगाएगा तब खाएंगे, तब आपके कल-कारखाने चलेंगे। अगर वहां से कुछ पैदावार नहीं होगी तो यहां खाने को कुछ नहीं मिलेगा। न आपके कारखाने चलेंगे, न उनके हाथ में खरीदने की ताकत होगी। तो आप जो भी कुछ नार्म्स रखिए, आपके प्रोडक्शन का कोई मतलब नहीं होगा। यह देश की तरफ उपेक्षा वृत्ति का सबसे बड़ा लक्षण मैं मानता हूं जो उपेक्षा वृत्ति सरकार इस अकाल के बारे में दिखा रही है। फ्लड से जो नुकसान हुआ, उसकी तरफ सरकार देखती नहीं है। इसके लिये मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता हूं। सब सदस्यों ने अपने-अपने राज्यों के और देश के जो भी आंकड़े उनके हाथ में हैं, उनका ब्यौरा दिया है। मैंने यह सवाल 5-12-91 को उपस्थित किया, मैंने 24 और 27 अप्रैल को इसका जिक्र किया। आठ तारीख को महाराष्ट्र बन्द होने वाला था। सात तारीख को कांग्रेस के सदस्यों ने इस मसले को उठाया। सब लोगों ने कहा कि तुरन्त कदम उठाइए। आठ तारीख को महाराष्ट्र बन्द हो गया। मैं आपको कहता हूं कि लोग हमारी इच्छा से रास्ते पर नहीं आते हैं। कहीं न कहीं कष्ट इतना हो जाता है, कहीं न कहीं बरदाश्त की सीमा जब जनता पार कर लेती है, तब लोग रास्ते पर आते हैं। हमारे कहने से कोई नहीं आता। जनता का दुःख दर्द अगर बरदाश्त के बाहर हो तभी लोग रास्ते पर आते हैं।

[डा० बापू कलदाते]

सारा महाराष्ट्र बन्द हुआ । पार्टियां छोड़ दीजिए, ये लोग थे जो चाहते थे कि सरकार तक हमारी भावना का इजहार हो । हमारे पास सरकार तक जाने का अब यही एक रास्ता है । यह कोई खुशी की बात नहीं है लेकिन उनके सामने कोई रास्ता नहीं था और आप 8 तारीख को जब जवाब दे रहे हैं, माननीय मंत्री जी का मेरे पास जवाब है कि अब हम भेजने का निर्णय कर चुके हैं । क्या ? टीम भेजने का निर्णय यानी कई प्रकार से लोग बार-बार इस सवाल को यहां दोहरा चुके हैं । सरकार या तो कहेगी कि बाहर जो कुछ हो सकता है, आप तो कह सकते हैं, मैं तो नहीं कह सकता हूं लेकिन सारा कुछ हो रहा है । क्या कहें ? मैं तो थक गया हूं । सरकार की इतनी उपेक्षा से देश कैसे चलेगा ? यह उपेक्षा उन लोगों की है जो गरीब लोग हैं, जो मेहनत करने वाले हैं, जिनके मेहनत पर सारा देश चलता है । नवें फाइनैन्स कमीशन ने एक आपदा कोष की बात की, बस बात खत्म हो गई । सरकार इतनी संवेदनहीन हो जाएगी तो लोग अपनी शक्ति के बलबूते पर सरकार को बरखास्त कर सकते हैं । इस बात को आप मत भूलियेगा । यह मैं आपको बिल्कुल स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं । वैसे भी संवेदनशून्यता लोकतंत्र के खिलाफ है । लोकतंत्र चलता है लोगों की संवेदना को, लोगों की आकांक्षाओं को समझने की शक्ति पर । जो सरकार लोगों की आकांक्षाएं नहीं समझेगी, जो सरकार संवेदनाशून्य होगी, उस सरकार को जनता बरदाश्त नहीं करेगी । मैं आपको कहता हूं कि जैसे नीरो फिडल बजाते रहा, एक समय आएगा जब आपकी सरकार जो असंतोष के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है, वह एक विस्फोट में सरकार को बरखास्त कर देगा यह मैं बहुत गंभीरतापूर्वक, दुःख के साथ, कष्ट के साथ आपको कहना चाहता हूं ।

इसलिये मेरी आपसे प्रार्थना है कि यह फिडल बन्द कर दीजिए और जहां जल रहा है वहां मदद करने के लिये तुरन्त भाग जाइए । बहुत से लोगों ने बहुत से मसले उठाए । मैं तीन ही बातें आपके सामने रखना चाहता हूं । पहली यह कि आप एक योजना में जो प्लान करते हैं उसमें टोटल एग्रीकल्चर रुरल प्लान की बात सोचिए । अब क्या होता है कि सिंचाई का अलग से सोचा जाएगा, फर्टिलाइजर का अलग से सोचा जाएगा, एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस का अलग से सोचा जाएगा, पैस्टिसाइड्स का अलग से सोचा जाएगा, रोजगार के बारे में अलग से सोचा जाएगा, ग्रामीण उत्पादन पर आधारित उद्योगों के बारे में अलग से सोचा जाएगा तो इससे काम नहीं चलेगा । has the Government ever thought of a comprehensive plan taking into account the totality of the agricultural sector, that is rural development ? क्योंकि अगर आप इसको नहीं सोचेंगे तो अकाल तो आते रहेंगे । हर साल आप पैसे खर्च करते रहेंगे । मैं नहीं जानता कि इतने सालों में कितने अकाल आए और कितना पैसा सरकार ने खर्च किया लेकिन अगर सारे ग्रामीण विकास की प्रक्रिया को समुचित रूप से सरकार नहीं देखेगी तो मुझे नहीं लगता कि कुछ हो पाएगा और अकाल के जो भी कुछ उपाय करने चाहिये वह हम कर पाएंगे और यह समस्या आने वाले दिनों में समाप्त हो जाएगी ।

तो एक योजना आपको रखनी चाहिये पर्सपेक्टिव में यह रखना चाहिये कि हम दीर्घकाल के लिए कुछ प्लान बनाकर काम करें जिसको आज के अकाल में भी लागू करते रहेंगे और अंत में दीर्घकाल की दृष्टि से सारी समस्या को समाप्त करने के लिये उस दिशा में प्रयास करेंगे । ये सारे सुझाव जो मैंने दिये हैं इन सुझावों पर आप विचार कर सकते हैं और जो पर्सपेक्टिव प्लान आपको करना है इन

टोटेलिटी का उस दिशा में भी आप कदम उठा सकते हैं।

दूसरी बात मुझे यह लगती है कि आज महाराष्ट्र में 31 मार्च तक सरकार के हिसाब से 8 लाख लोग काम पर हैं और अब यह पीक पीरियड है जहां पर लोग सारे काम पर आ गए हैं और मुझे लगता है कि आगे आने वाले दिनों में, सरकार का अंदाज मैं बोल रहा हूं, कम से कम 15 लाख से 20 लाख लोग काम पर आ जाएंगे। अब यह होता है कि अगर इसको नियोजन के साथ नहीं जोड़ा जाता है तो जैसे पुराने जमाने में अकाल के काम चलते थे—एक गड्ढा खोद दो दूसरा गड्ढा भर दो क्योंकि काम देना है। अगर नियोजन के साथ इसको जोड़ा जाएगा तो मैं कहता हूं कि जो पैसा हम खर्च कर रहे हैं उसका आगे काम के लिये और अच्छे ढंग से इस्तेमाल हो सकता है।

